01/04/2026

आकाशवाणी ईटानगर

उन्नीस सौ पंचानबे बैच के APCS अधिकारी लोबसांग त्सेरिंग ने पापुम पारे के उपायुक्त के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने विशाखा यादव का स्थान लिया है, जिनका तबादला नई दिल्ली कर दिया गया है। श्री त्सेरिंग इससे पहले कर, आबकारी और नारकोटिक्स आयुक्त के पद पर कार्यरत थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी हैं, जिनमें ईएसी ईटानगर, एडीसी तवांग और राज्यपाल के संयुक्त सचिव जैसे पद शामिल हैं।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर स्थित लोक भवन में आज ओडिशा, बिहार और मिजोरम के राज्य स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाय गया। इस अवसर पर राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक, प्रथम महिला अनाघा परनाइक सहित राज्य में कार्यरत तीनों राज्यों के लोग शामिल हुए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का उल्लेख करते हुए, राज्यपाल ने इसे भारत की 'विविधता में एकता' के मूल तत्व को और अधिक सुदृढ़ बनाने वाली एक मार्गदर्शक शक्ति बताया।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निरंतर सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ धीरे-धीरे नस्लीय भेदभाव को समाप्त करने में सहायक सिद्ध होगी।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चौना मेन ने आज नामसाई जिले के नोंगताव खामती में **धम्मचक्क्या बुद्ध विहार** का उद्‌घाटन किया। श्री मेन ने कहा कि यह विहार केवल पूजा का स्थान नहीं है, बल्कि यह संस्कृति के संरक्षण और उसे गर्व व उद्देश्य के साथ आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाषा, लिपि और सांस्कृतिक ज्ञान का संरक्षण आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ अपनी जड़ों से जुड़ी रह सकें।

0000000000000000000000

ताजिकिस्तान ने कल यूपिया स्थित गोल्डन जुबली आउटडोर स्टेडियम में खेले गए अंडर-23 ट्राई-नेशन फुटबॉल चैम्पियनशिप 2026 के फाइनल में भारत को कड़े मुकाबले में 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

0000000000000000000000

सुबनसिरी नदी पर ट्रांस अरुणाचल हाईवे के पुल के निर्माण में हो रही देरी को लेकर अपर सुबनसिरी जिले के निवासियों और विभिन्न हितधारकों ने आज दापोरिजो नगर में संयुक्त स्टॉक निर्माण कंपनी और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध रैली निकाली।

प्रदर्शनकारियों ने कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि इस देरी से आम जनता और दैनिक यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उपायुक्त तासो गाम्बो ने आश्वासन दिया कि जल्द ही ठेकेदारों और कार्यान्वयन एजेंसी के साथ बैठक कर समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

0000000000000000000000

आज आनिनी उपायुक्त बेकिर न्योराक की अध्यक्षता में, प्रस्तावित छः सौ अस्सी मेगावाट आथुनली जलविद्युत परियोजना के लिए सार्वजनिक सुनवाई दिबांग वैली जिले के आथुनली स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय में आयोजित की गई। यह सुनवाई पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने की वैधानिक प्रक्रिया का हिस्सा है। जिसका आयोजन अरुणाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किया गया। सुनवाई के दौरान परियोजना सलाहकार ने परियोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया, जिसमें विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन तथा दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक लाभों पर जोर दिया गया।

0000000000000000000000

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (UDID) और विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को एच-स्प्रिंग फाउंडेशन

द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत ICDS के सहयोग से स्थानीय विद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति के रूप में श्रीमती माइलोंग ताकू पादुंग, उप निदेशक, ICDS सह जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, ईस्ट सियांग ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन पत्र वितरित किए और एच-स्प्रिंग फाउंडेशन की गतिविधियों के समर्थन हेतु व्यक्तिगत रूप से दस हज़ार रुपय का योगदान भी पेश किया।

0000000000000000000000

पहला इंटर-कॉलेज फुटबॉल चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन कल से यूपिया स्थित गोल्डन जुबली फुटबॉल स्टेडियम में किया जाएगा। इसका आयोजन अरुणाचल यूनाइटेड फाउंडेशन द्वारा, अरुणाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में तथा लाइफ केयर नेचुरोवेदा के सहयोग से किया जा रहा है। इस बीच, आयोजकों ने घोषणा की है कि टिकट बुकिंग से जमा हुई राशि अनाथालयों को दान कर दी जाएगी। इसके अलावा, पाँच अनाथ छात्रों को स्पॉन्सरशिप भी प्रदान की जाएगी, जो इस खेल आयोजन के पीछे की सामाजिक प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

0000000000000000000000

सांस्कृतिक सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय सेना की स्पीयर कोर के अंतर्गत स्पीयरहेड डिवीजन ने आज वेस्ट सियांग जिले के आलो में गालो जनजाति के पारंपरिक मोपिन पर्व के अवसर पर **“मोपिन मैराथन”** का आयोजन किया।

0000000000000000000000

नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ आज कई महत्वपूर्ण वित्तीय बदलाव लागू हो गए हैं। छह दशक से अधिक पुराने आयकर अधिनियम की जगह अब नया आयकर अधिनियम, 2025 लागू हो गया है। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार देश में सभी डिजिटल भुगतान लेन-देन के लिए आज से दो-स्तरीय प्रमाणीकरण (टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन) अनिवार्य कर दिया गया है।

0000000000000000000000